हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 अकोला स्कूल के बच्चों की रचनात्मक कार्यों की तारीफ





10 एक सप्ताह के अंदर इंदिरा मार्केट से हटेगा ...





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि

25/04/2025

(संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065 9340311314, 9303893829


## घटना : पटाखे की आग से चार पैरावट जलकर खाक, जनहानि नहीं हुई

# ग्राम खैरा के शादी समारोह में पटाखे से लगी भीषण आग, ग्रामीणों ने मुश्किल से बुझाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शादी की खुशियाँ अचानक मातम में बदल जातीं, अगर ग्रामीणों की सतर्कता ने समय रहते आग पर काबू न पाया होता। नवागढ़ से मात्र 3 किमी दूर ग्राम खैरी में बुधवार रात एक शादी समारोह के दौरान भीषण आग लग गई। समारोह में चल रहे पटाखों की चिंगारी पास ही रखे 4-5 पैरावट (धान के भूसे के ढेर) में जा गिरी, जिससे आग भड़क उठी। घटना रात करीब 9 बजे की है। तेज लपटों ने देखते ही देखते पूरे पैरावट को अपनी चपेट में ले लिया। शादी का माहौल अफरा-तफरी में बदल गया। लोग इधर-उधर भागने लगे, किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बिना देरी किए पानी की बाल्टियाँ, पाइप और अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया।

■ ग्राम बोरतरा में एक दिन पहले जले दो घर, फिर लोगों ने सावधानी नहीं बरती

### गनीमत है नहीं हुई जनहानि

ग्रामीणों की तत्परता से आग को फैलने से रोका गया। हालांकि पैरावट पूरी तरह जल गया, लेकिन गनीमत रही कि किसी व्यक्ति को शारीरिक क्षति नहीं हुई। शादी में आए मेहमानों और ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई। फायर ब्रिगेड 35 किमी दूर से, तब तक सब जल चुका था। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन को जानकारी दी गई। लेकिन नवागढ़ में स्थायी फायर ब्रिगेड न होने के कारण 35 किलोमीटर दूर नांदघाट से दमकल वाहन बुलाया गया। जब तक दमकल पहुंचती, तब तक पैरावट राख हो चुका था। यह देरी अब गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है।

### बोरतरा में एक दिन पूर्व हुई थी आगजनी

बुधवार की इस घटना से ठीक एक दिन पहले मंगलवार को ब्लॉक के ग्राम बोरतरा में दोपहर के समय लगी आग ने दो परिवारों के आशियानों को राख में बदल दिया था। वहां भी आग बुझाने के लिए ग्रामीणों को खुद ही जुटना पड़ा। फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंच पाई।

### प्रशासन की लापरवाही का परिणाम

कांग्रेस नेता रोशन धर दीवान ने कहा कि स्थानीय प्रशासन की नाकामी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यहां के अधिकारियों को जनता की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। नवागढ़ में पिछले कुछ महीनों से आगजनी की घटनाएँ लगातार हो रही हैं, लेकिन प्रशासन न तो समय पर कोई कदम उठाता है और न ही इस पर ध्यान देता है। यह पूरी तरह से प्रशासन की लापरवाही का परिणाम है कि आज लोग अपनी सुरक्षा के लिए खुद ही मोर्चा संभालने पर मजबूर हैं।

### जनप्रतिनिधियों की नाराजगी, उठी स्थायी फायर स्टेशन की मांग

लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं पर जनप्रतिनिधियों ने भी चिंता जताई है। जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने कहा कि नवागढ़ जैसे बड़े ब्लॉक में फायर ब्रिगेड की अनुपस्थिति अब सहनीय नहीं। प्रशासन को बार-बार इन घटनाओं से सबक लेना चाहिए। फायर स्टेशन की स्थापना अब विलंब नहीं सह सकती। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष सिंद्धान्त चौहान ने कहा कि जनता की सुरक्षा हमारी पहली जिम्मेदारी है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से फायर ब्रिगेड की मांग पूर्व में नहीं की गई थी, लेकिन अब इसे हमारी प्राथमिकता में शामिल करते हुए जिला प्रशासन से तत्काल व्यवस्था की मांग की जाएगी।




# खाद्य मंत्री बघेल ने टेमरी पंचायत में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत टेमरी में अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया। इस सुविधा केन्द्र के शुरू होने से ग्रामीणों को बैंकिंग और अन्य डिजिटल सेवाओं के लिए अब दूर विकासखंड या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।

शुभारंभ अवसर पर दो महिला हितग्राहियों शशि कुर्रे और कजला ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1000-1000 रुपये की राशि इस केन्द्र से निकाली। मंत्री श्री बघेल ने दोनों को नगद राशि भी सौंपते हुए योजना की सफलता की सराहना की। खाद्य मंत्री ने इस श्री बघेल ने कहा कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण अब अपने खातों से नकद राशि निकाल सकेंगे, जमा कर सकेंगे, बिजली-पानी के बिल भर सकेंगे और पेंशन व बीमा जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र ग्रामीणों की सुविधा और सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलायी। बेमेतरा जिले में अब तक 48 अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र शुरू किए जा चुके हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत सभा पति अंजू बघेल,अजय साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, एसडीएम दिव्या पोटाई, ई-जिला प्रबन्धक चिप्स , जिला प्रबन्धक सी.एस. सी. युगल किशोर आडिल, डी. पी.एम. ग्राम पंचायत मयंक शुक्ला, डी. पी.एम. ग्राम पंचायत अकलाख कुर्रे सहित पंच-सरपंच और ग्रामीणजन उपस्थित थे।यह पहल डिजिटल इंडिया की दिशा में ग्रामीण छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी।



■ मौके पर शशि कुर्रे और कजला ने महतारी वंदन योजना की राशि केंद्र से निकाली

## खबर संक्षेप

### शाला बोतका शाला में समर कैंप आयोजित

**बेरला।** विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला बोतका संकुल केन्द्र कोदवा में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य विजय कुमार साव के मार्गदर्शन में दिनांक 23-24 अप्रैल 2025 दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को चित्रकारी, कहानी, कागज, मिट्टी के खिलौने बनाना सिखाया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई के अलावा अन्य क्षेत्रों में पारंगत करना है। इस संबंध में प्रधान पाठक के द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### मकान के ताला तोड़कर जेवरात पार

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर धारा 305(ए), 331 (4) के तहत कार्रवाई की है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मछली मार्केट जय हिंद चौक पुरैना निवासी ई अपन्ना जमीन खरीदी बिक्री करने का काम करता है। मकान में ताला जड़कर 17 अप्रैल को परिवार समेत गृह ग्राम आंध्राप्रदेश कुल देवता की पूजा पाठ करने गया हुआ था। पड़ोसी ने फोन कर सूचना दी कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। फिर अपने डेढ साला उमाशंकर को मकान में भेजकर जानकारी लिया। इस दौरान पता चला कि आलमारी सोना चांदी के जेवरता और मोबाइल समेत अन्य सामान पार हो गया।

### पंजाब की हेरोइन बेचते तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** पंजाब का हेरोइन (चिट्टा) का अवैध कारोबार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना दिया कि तीन युवक शिवनाथ नदी, महमरा रोड के पास हेरोइन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। जिसके कारण कई लोग हेरोइन लेने कई युवक जा रहे है। दुर्ग कोतवाली और एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंची। दबिश देकर तीन युवकों को गिरफ्तार किया।

# लोक अदालत : प्रकरणों पर अधिकारियों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री की अध्यक्षता व निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की मौजूदगी में आगामी 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत को लेकर बैंक विभाग, विद्युत विभाग, बीएसएनएल एवं नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक हुई

उक्त बैठक में नेशनल लोक अदालत के सफल कियान्वयन के लिए अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन एवं बैंक संबंधित, बिजली बिल भुगतान, वॉटर बिल राजीनामा योग्य प्रकरणों को समय-सीमा में चिन्हांकित कर निराकरण हेतु प्रस्तुत करने एवं नोटिस तामिली कराने का निर्देश दिया गया। अधिकारीगण को यह भी कहा कि ऐसे विशेष प्री-लिटिगेशन मामलें जिनमें नोटिस तामिल से पक्षकार यदि बच रहे है तो उनकी सूची बनाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के माध्यम से क्षेत्राधिकार के थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर पक्षकारों के साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा कराने का प्रयास किया जा सकता है। अध्यक्ष द्वारा पक्षकारगण के मध्य विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत सम्भावनाओं को तलाश करते हुए पक्षकारों की दिन-प्रतिदिन प्री-सीटिंग कर लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा किये जाने का यथा संभव प्रयास किये जाने का निर्देश भी दिया गया।

### अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत

**भिलाई।** अलग-अलग हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई है। मृतक युवक का शिनाख्त केन्द्रपाड उड़िसा निवासी रंजन सामल 32 वर्ष के रुप में हुई है। युवक उड़िसा से कमाने खाने गुजरात के सूरत गया था। सूरत - पुरी एक्सप्रेस ट्रेन में उड़िसा जा रहा था। दुर्ग से रायपुर की ओर जाते समय रंजन सामल ट्रेन के दरवाजे पर बैठा हुआ था। तभी अनियंत्रित होकर वह सिरसा अण्डरब्रिज के पास गिर गया। सुबह लाश मिलने की सूचना पर आरपीएफ व जीआरपी पहुंची। तलाशी में युवक के जेब से मोबाइल फोन मिला। लेकिन उसमें टावर गायब था। मोबाइल पर दर्ज एक नंबर पर आरपीएफ के अधिकारी ने फोन कर घटना की जानकारी लिया। उसके बाद युवक का शिनाख्त हो पाया। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का होने से शव को मरचूरी में रखवा दिया है। दूसरी घटना में 21 अप्रैल को सिरसा कला में शादी कार्यक्रम निपटाकर बाइक से गांव मोरिद लौटते समय घायल दीपक निर्मलकर घायल हो गया।






### कक्षा पहिली में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए है अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम

# जिले की 743 शासकीय शालाओं आज मनाया जाएगा पढ़ई तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




नई शिक्षा नीति के अनुसार बुनियादी स्तर पर बच्चों में समग्र विकास के लिए विभिन्न प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत विगत 5 वर्षों से प्राथमिक शाला में कक्षा पहिली में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत पढ़ाई तिहार का आयोजन आज 25 अप्रैल किया जा रहा है। इसी तारतम्य में बेमेतरा जिले के 743 शासकीय प्राथमिक शालाओं में इस कार्यक्रम का आयोजन आज किया जाएगा। जिला नोडल अधिकारी ज्योति बनाफर ने बताया कि यह आयोजन बालवाड़ी के उन बच्चों व उनकी माताओं के साथ मनाया जाएगा, जो आगामी सत्र में कक्षा पहिली में प्रवेश करेंगे। जिसमें बच्चों के विभिन्न विकासात्मक क्षेत्र का आकलन उनकी माता के सम्मुख किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का निरीक्षण डीईओ डॉ कमल कपूर बंजारे व डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे सहित जिला स्तर के सभी अधिकारियों के द्वारा किया जायेगा। यह कार्यक्रम मुख्यतः माता को केंद्रित कर बनाया गया है।

■ बच्चों के साथ उनकी माताओं को भी आमंत्रित किया गया है

कार्यक्रम के तहत मेले में नौ काउंटर बनाए जाएंगे। जिसमें क्रमशः नामांकन संकलन शारीरिक व क्रियात्मक बौद्धिक भाषा गणित पूर्व तैयारी बच्चों का कोना विषय पर शिक्षकों और माता के सहयोग से विभिन्न गतिविधियां कराई जाएगी। आगामी शैक्षिक वर्ष में कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले सभी बच्चों को सपोर्ट कार्ड दिया जाएगा। इस वर्ष उक्त कार्यक्रम के लिए बहुत सारी सामग्रियां राज्य कार्यालय से प्राथमिक स्कूलों को भेजी जा रही है। यह कार्यक्रम मुख्यतः माता को केंद्रित करके बनाया गया है ताकि माताएं और उनका समूह अपने बच्चे और स्वयं की उन्मुखीकरण के लिए तैयार हो सके। कार्यक्रम का आमंत्रण स्कूल के द्वारा माताओं, पालकों, समुदाय के गणमान्य नागरिकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिया जा चुका है। विकासखंड बेमेतरा के बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू द्वारा समस्त सीएससी की बैठक लेकर कार्यक्रम के आयोजन के लिए निर्देश दिया जा चुका है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### विवेकानंद सभागार और ठाकरे भवन को लीज में देगी निगम

दुर्ग। नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक मेयर अलका बाघमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कक्ष में आयोजित हुई। सबसे पहले बाजार विभाग पार्किंग जुड़े एजेंडों पर चर्चा हुई। इंदिरा मार्केट वाहन शुल्क हेतु 3 वर्षों के लिए निविदा पर चर्चा की गई। इदिरा मार्केट वाहन पार्किंग ठेका व न्यू बस स्टैंड में वाहन पार्किंग ठेका को मेयर श्रीमती अलका बाघमार व परिषद के सदस्यों की सहमति से रेट नही आने के कारण अगले एमआईसी की बैठक में निर्णय हेतु टाला गया। वहीं विवेकानंद भवन एवं कुशा भाउ ठाकरे भवन को लीज में देने का निर्णय लिया गया। मेयर इन काउंसिल की बैठक में एक देश एक चुनाव का संकल्प एमआईसी में सर्वसम्मति से सहमति प्रदान किया गया।

### डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई



दुर्ग। आईएचएसडीपी कॉलोनी बॉम्बे आवास उरला में भारत रत्न डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की सार्वजनिक जयंती धूमधाम से मनाई गई । जिसके तहत सामूहिक त्रिशरण, पंचशील, बुद्ध वंदना, धम्म वंदना व संघ वंदना का शील ग्रहण कर विश्व कल्याण के लिए मंगल कामनाएं की गई। इस अवसर पर बच्चों का नृत्य वह अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई साथ ही महिलाओं के लिए डांस प्रतियोगिताएं वह अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि अरविंद सिंह खुराना अध्यक्ष गुरुद्वारा सिंह सभा, प्रमुख अतिथि आयुष्मान अशोक मेश्राम, सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व सचिव बुद्ध विहार समिति शंकर नगर, अध्यक्षता आयुष्मान योगेंद्र बबलू चौरे, रत्नमाला भौतिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन आयुष्मान बबलू चौरे ने किया। कार्यक्रम में सीमा गजभि, मीना नारनवरे, पंचशीला बोरकर, सारिका रामटेके, मीणा मेश्राम आदि उपस्थित थे।

### परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

दुर्ग। दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार सिरसाभाठा सिरसाकला तहसील भिलाई एवं जिला दुर्ग निवासी देवबगस निर्मलकर की 11 अगस्त 2022 को अंडरब्रिज पार करते समय डूबने से मृत्यु हो गयी थी। प्रावधानों के अनुरूप स्व देवबगस की पत्नी लक्षणी बाई निर्मलकर को 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

### चरोदा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने केबिनेट मंत्री कैलाश का किया स्वागत

भिलाई। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व एमपी के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का छत्तीसगढ़ आगमन पर चरोदा मंडल में हनुमान मंदिर के सामने मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर के नेतृत्व में स्वागत हुआ। इस दौरान भाजपा महामंत्री परमजीत सिंह, रामा रेड्डी, राजेश मोर्या, सनातन ठाकुर, जय प्रकाश पांडेय, अंकित बनर्जी, टी रमन, सुजाता डोंगरे, रेखा साहू, प्रमिला तांडी समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चेंबर के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ होगा जिला कार्यकारिणी का विस्तार

दुर्ग। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शहीद स्मारक ऑडिटोरियम रायपुर में हुआ। इसमें प्रदेश अध्यक्ष सतीश थरानी, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी और प्रदेश मंत्री दीपक चोपड़ा ने पदभार ग्रहण किया। चुनाव निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**तैयारी:** फारेस्ट आफिस के पास बने नवीन हाईजेनिक मार्केट में होगी शिफ्टिंग

# एक सप्ताह के अंदर इंदिरा मार्केट से हटेगा मछली बाजार, होगा शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2016 में करीब डेढ करोड रूपए से अधिक की लागत से बने हाईजेनिक मछली बाजार को एक बार फिर शहर से हटाने की कवायद की जा रही है। इंदिरा मार्केट में बसे सैकडों थोक मछली विक्रेताओं को एक सप्ताह के अंदर नवीन मार्केट में शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए गए है। महापौर अल्का बाघमार द्वारा शहर के अंदरूनी इलाको में मछली, मटन का व्यापार कर रहे लोगों को एक साथ नवीन बाजार में शिफ्ट करने के निर्देश दिए है। अगर ऐसा हो गया तो लोगों को राहत मिलेगी और एक ही जगह बाजार लगने से सहुलियत भी होगी।

नगर पालिक निगम महापौर अलका बाघमार ने बुधवार को फारेस्ट कार्यालय व केडा आफिस परिसर में बने नवीन हाईजेनिक थोक मछली बाजार का निरीक्षण किया। वर्तमान में हाईजेनिक मार्केट (मछली बाजार) थोक मछली बाजार के भवन का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को मछली बाजार के संचालन के लिए इंदिरा मार्केट में मछली बाज़ार, मटन व मुर्गा दुकान के फुटकर व थोक दुकानदारों से सम्पर्क कर नवीन हाईजेनिक मार्केट मछली बाजार में एक सप्ताह के भीतर दुकाने लगाई जाने निर्देशित किया गया है। ताकि अनुपयोगी भवन का उपयोग कर उच्चतम स्तर पर मछली बाजार का संचालन किया जा सकें।

**महापौर ने अफसरों के साथ किया मौके का निरीक्षण**




### दुर्गंध से लोग होते है हालाकान

इंदिरा मार्केट में 72 से अधिक दुकाने मछली, मुर्गा और मटन के लगाए जाते है। शहर के मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट ही है। यहां सभी तरह के दुकाने होने के कारण रोजाना हजारों की संख्या में लोग यहां आते है। सब्जी बाजा से लेकर खाने पीने के सामान यहां बिकते है। ऐसे में मछली और मटन बाजार इलाको में दुर्गंध फैला रही है, जिसका पिछले लंबे समय से हटाने की मांग भी शहरवासियों द्वारा की जा रही थी। बाजार अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि, इंदिरा मार्केट में मछली, मुर्गा और मटन कुल 72 दुकानें सम्मिलित है।

### कलेक्टर ने भी की थी पहल

हरिभूमि ने इस मामले को लगातार प्रकाशित किया था। जिसके बाद तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने भी नवीन हाईजेनिक बाजार में दुकानों को शिफ्ट करने निर्देश दिए थे। जेल रोड में केंद्रीय स्कूल के करीब हाईजेनिक फिश मार्केट शहर से 1 किलो मीटर हटकर खुले वातावरण में स्थित है एवं बाजार हेतु पार्किंग की पर्याप्त सुविधा है। परिसर में बर्फ संयंत्र सह (शीत गृह) कोल्ड स्टोरेज (दैनिक क्षमता-12 मी.टन) भी निर्मित है, जिससे निर्मित बर्फ का उपयोग कर मछलियों को अधिकतम समय तक ताजा रखा जा सकता है एवं मछली खाने वाले आम उपभोक्ताओं को ताजी एवं स्वस्थ मछली उपलब्ध हो सकेगी।

### डेढ़ करोड़ रूपए से अधिक खर्चा

वर्ष 2016 में हाईजिनिक थोक मछली बाजार करीब 52 लाख 13 हजार की लागत से बनाया गया था। इसी तरह हाईजिनिक खुदरा मछली बाजार 39 लाख 42 हजार में तैयार किया गया था। यही नहीं मछली के व्यापारियों की सहुलियत के लिए यहां बर्फ संयंत्र सह शीतगृह का निर्माण 65 लाख की लागत से तैयार किया गया है। इस तरह डेढ करोड से अधिक की राशि खर्च हुई है। दुर्ग में बनाया गया यह बडा प्रोजेक्ट संभाग के किसी जिले में नही है। बहरहाल इंदिरा मार्केट के आलावा शहर के रिहायसी इलाका पद्नाभपुर रोड, धमधा नाका, नयापारा, सिकोलाबस्ती, तितुरडीह, गंच चौक सहित शहर के कई इलाको में थोक मछली व्यापारी दुकानदारी कर रहे हैं।

**निर्देश दिए**



नवीन हाईजेनिक फिश मार्केट का निरीक्षण कर पार्किंग व्यवस्था, परिसर के आस पास पौध रोपण सहित बेहतर ढंग से जेसीबी से साफ सफाई करने के लिए निर्देश दिए गए है। **-अल्का बाघमार,** महापौर दुर्ग

# शहर के 15 स्थानों पर बोर खनन कर पॉवर पंप लगेगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के दर्जनभर से अधिक वार्डों में पेयजल संकट की स्थिति से अब राहत मिलेगी। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन विभाग मंत्री अरूण साव ने शहर में दर्जनभर से अधिक बोरवेल्स कराने की स्वीकृति दी है। जिससे शहरवासियों को राहत मिलेगी।

- भीषण गर्मी में पेयजल संकट का समाधान

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के 15 स्थान पर बोर खनन कर पॉवर पंप लगाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दिए है। स्थल निरिक्षण पश्चात कुछ ही दिन में बोर खनन की शुरुआत हो जाएगी, ताकी शहर के नागरिकों को भीषण गर्मी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। विधायक गजेन्द्र ने उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का त्वरित कार्यवाही करने पर आभार जताये है। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की गर्मी बढ़ने के साथ दुर्ग के विभिन्न क्षेत्रों में जलसंकट की समस्या से पार्षद एवं जनता ने अवगत कराया था। उनके द्वारा बोर खनन की मांग पत्र प्राप्त हुआ था। जिसे संज्ञान में लेकर तत्काल नगरीय निकाय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव से पेयजल संकट के निराकरण करने निवेदन किये थे। जिस पर जनहित के मुद्दे को देखते हुए विभागीय मंत्री ने बोर खनन कराने स्वीकृति दे दी है।

### इन स्थान पर होगा बोर खनन

शहर के वार्ड क्र. 07 किल्ला मंदिर, वार्ड 10 शंकर नगर, वार्ड 11 शंकर नगर पूर्व, वार्ड 15 सिकोलाभाठा, वार्ड 30 तमेरपारा, वार्ड 32 ब्राम्हणपारा, वार्ड 34 शिवपारा, वार्ड 35 रामदेव मंदिर, वार्ड 36 गंजपारा, वार्ड 39 डिपरापारा, वार्ड 44 गुरु घासीदास वार्ड, वार्ड 47 सिविल लाइन, वार्ड 52 बोरसी, वार्ड 59 कातुल बोर्ड में पेयजल को दुरुस्त करने बोर खनन किया जायेगा।

# स्पैरो पर एफआईआर नहीं निगम शिविर की दे रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



सामान्य सभा में स्पैरों कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराने की घोषणा करने वाली भाजपा ने अब तक एफआईआर दर्ज नही कराया है। बल्कि निगम परिसर में स्पैरों कंपनी को शिविर लगाकर सुविधा दी जा रही है।स्पैरों कंपनी द्वारा टैक्स वसूली में आर्थिक अनियमितता कर करीब साठ लाख की गडबडी की है। बहरहाल शिविर में ऐसे पीडित जिन्होने कंपनी को पैसा भुगतान कर दिया है। लेकिन उनका नाम पंजी में नही चढाया है। ऐसे लोगों से विगत दिनों शिविर लगाकर पर्ची ली गई थी। जिसमें उनके द्वारा राशि पटाने की पुष्टि हुई थी। जिसके बाद महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पैरो के टैक्स संबंधी शिकायतों के लिए 15 से 21 अप्रैल तक समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में किसी ने रसीद दिखाया तो किसी ने फोने पे एवं चेक के माध्यम से टैक्स देना बता गया। जिसमें सभी पीड़ति करदाताओं की सूची तैयार की गई। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर मुताबिक 15 से 21 अप्रैल तक के शिविर में 30 लोगो का पैसा टोटल 2,82,543/- रुपये वापस किया गया। और 1,05,435/- रुपये निगम में स्पेरो से बोलकर नगद जमा कराया गया है।

- महापौर ने 30 पीड़ित करदाताओं को लौटाए राशि

# दुष्कर्मी को बीस साल सश्रम कारावास की सुनाई गई सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र की है। पीड़िता की मां ने घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई। शिकायतकर्ता के मुताबिक तीन सितंबर 2023 को दोपहर 2.30 बजे वह अपने पति के साथ काम पर चली गई। शाम चार बजे घर लौटने पर पता चला कि, उसके सौतेला बेटा ने ही पीड़िता के साथ गलत काम किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 376 (क,ख), 376(2),पाक्सो एक्ट की धारा 5,6 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण सुनवाई के लिए अपर सत्र न्यायाधीश अनिष दुबे के न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के अंतर्गत आरोपित को 20 वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। प्रकरण की पैरवी विशेष लोक अभियोजक रूपवर्षा दिल्लीवार ने की।

## पुत्री शाला को नहीं तोड़ने कलेक्टर को ज्ञापन

दुर्ग। आल इंडिया यूथ फेडरेशन ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन देकर शहर के वार्ड छः में बने ऐतिहासिक पुत्री शाला स्कूल को पानी टंकी के लिए तोडने की मांग की है। फेडरेशन के अध्यक्ष मो. शमीम कुरैशी व उपाध्यक्ष कमलेश निर्मलकर ने बताया कि शासकीय प्राथमिक कन्या शाला (पुत्री) शिक्षक नगर, दुर्ग सन 1906 से निर्मित, आजादी के पूर्व बनी हुई है, वर्तमान में ऐसा ज्ञात हुआ है कि, इस स्कूल को तोड़कर पानी टंकी का निर्माण होने की प्रक्रिया चल रही है। पानी टंकी के लिए पास में काफी जगह है।

# विश्व पृथ्वी दिवस की शुरुआत का श्रेय जेलार्ड नेल्सन को : क्षीरसागर

**भिलाई।** विश्व पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद प्रशांत क्षीरसागर ने बताया कि इस विशेष दिवस को मनाने का श्रेय जेलार्ड नेल्सन को जाता है। दुनिया भर में हर साल 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को 195 से ज्यादा देश मनाते हैं।

बता दें इस साल दुनिया भर में 55वां पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की तरफ लोगों का ध्यान खींचकर यह कोशिश करना है कि सभी लोग पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में अपना योगदान दें। दुनिया भर में प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग और जंगलों की कटाई जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, तो पृथ्वी दिवस का महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाता है। पृथ्वी दिवस को मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं, जैसे हवा और प्रदूषित पानी, प्लास्टिक का कचरा और पेड़ों की कटाई, के बारे में जागरूक करना है। यह दिन लोगों को बताता है कि उन्हें कैसे धरती को बचाने के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा।

# बीएसपी के हजारों ठेका मजदूरों को नहीं मिल रहा काम के अनुरूप वेतन और सुविधाएं, बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उत्पादन सहित अन्य कार्यों में योगदान देने के बाद भी हजारों ठेका मजदूर बदहाली का जीवन बिता रहे हैं। इस मामले में ठेका कंपनियां और प्रबंधन उदासीन बने हुए हैं। इससे श्रमिकों में असंतोष बढ़ रहा है। अब वेतन व सुविधाओं संबंधित लंबित मांगों को लेकर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले 25 अप्रेल को मुर्गा चौक पर जंगी प्रदर्शन किया जाएगा।

- ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के बैनर तले लंबित मांगों को लेकर कल करेंगे प्रदर्शन

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में काम करने वाले करीबन 22 हजार ठेका मजदूरों का चौतरफा शोषण हो रहा है। श्रमिकों का उत्पादन में 70 प्रतिशत योगदान है और संयंत्र के अधिकांश सफाई से लेकर स्थाई प्रकृति के कार्य ठेका श्रमिकों के द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद भी ठेका श्रमिकों को उसके अनुसार सुविधा एवं वेतन नहीं मिल रही है। लंबे समय से श्रमिकों की मांग है कि जिस तरीके से ठेका श्रमिकों का योगदान है उसके अनुसार वेतन और सुविधाएं मिलनी चाहिए। यूनियन ने निर्णय लिया है कि श्रमिकों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 8:50 तक मुर्गा चौक के सामने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा जाएगा। ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि ठेका श्रमिकों का सेल के उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान है । कई बार प्रबंधन को मांगों से अवगत कराने के बाद भी ध्यान नहीं दिया गया। ठेका श्रमिकों के मांगों को पूरा करने के लिए स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक प्रदर्शन कर रही है।

### यह हैं मजदूरों की लंबित मांगें

ठेका श्रमिकों को बीएसपी के एस-1 ग्रेड का वेतन दिया जाए या 26000 रुपया वेतन प्रतिमाह निर्धारण किया जाए, 5% आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास करें आवंटित, संयंत्र के अंदर आने जाने के लिए दो गेटों से आने-जाने की अनुमति दी जाए । अंदर मोटरसाइकिल जाने की अनुमति प्रदान की जाए और सभी ठेका श्रमिकों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा हो। श्रमिकों का सही उपस्थिति दर्ज होने और सही सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए । ठेका प्रारंभ के एक माह पूर्व मेडिकल किया जाए।ठेके में आईटीआई और 12 वीं सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए अनुभव के आधार पर श्रमिकों को रखा जाए, ठेका कंपनी बदले लेकिन उस ठेका में पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए,रात्रि भत्ता प्रदान किया जाए एवं साइकिल भत्ता, कैंटीन भत्ता एवं हिट एवं डस्ट अलाउंस दिया जाए। ठेका श्रमिकों को वेतन पर्ची,लीव कार्ड एवं अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि मिले।स्थाई प्रकृति के कार्य एवं उत्पादन में पूर्ण रूप से योगदान को देखते हुए मंथली इंसेंटिव एवं नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए, बी एस पी स्कूलों में ठेका श्रमिकों के बच्चों के लिए 50% सीट आरक्षित किया जाए।

## सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में आज सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रामगोपाल गर्ग एवं विशेष अतिथि डायरेक्टर कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र सुपेला भिलाई अजय कल्याणी उपस्थित रहे। रामगोपाल गर्ग ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम के बारे में बच्चों को जागरूक किया। अजय कल्याणी ने नशे के विभिन्न कारणों, नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के दिमाग को खोखला करता जा रहा है। युवाओं को सजग रहकर नशे से दूर रहना होगा।

अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह एवं कार्यक्रम में स्वागत भाषण राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना मान द्वारा किया गया । प्राचार्य ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध खड़ा होना चाहिए।कार्यशाला के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें पोस्टर निर्माण, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन शामिल थीं। विद्यार्थियों ने सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और सामाजिक चेतना का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# सुशासन तिहार छोड़ नेटवर्क मार्केट का सैर कर रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार प्रदेशभर में चलाया जा रहा है। जिसे लेकर कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर डीईओ द्वारा किसी भी शिक्षक को बगैर अनुमति के स्कूल छोडने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। लेकिन नेटवर्क मार्केट का व्यापार में लगे शिक्षक इन दिनों टुर पर निकल गए है। ऐसी जानकारी आई है कि, हर्बन लाईफ नामक प्रोडक्ट कंपनी से जुडकर शहर के दर्जनभर स्कूलों से शिक्षक गायब है।

- सुशासन तिहार में बगैर अनुमति छुट्टी किया है

निर्देश में विशेष परिस्थिति में ही कलेक्टर की अनुमति पर अवकाश की स्वीकृति दिए जाने के निर्देश है। लेकिन शिक्षक प्रशासन के आदेशों की धज्जियां उडाकर स्कूल से गायब है। हैरानी वाली यह है कि, कई शिक्षक डीइओ को पत्र लिखे है। लेकिन उन्हें अनुमति नही मिली है और वे छुट्टी पर चले गए हैं। दूसरी तरफ ऐसे शिक्षक जो गर्मी में पसीना बहा रहे है, उनमें आक्रोश की स्थिति है। शिक्षा विभाग द्वारा शहर के स्कूलों की जांच करे तो मामला सामने आ जाएगा। हर्बल लाइफ नेटवर्किंग से जुड़े शिक्षक बेकोफ शिक्षिकिय कार्य छोड़ अपना बिजनेस कर रहे हैं। इसके पहले भी डीईओ ने नेटवर्क मार्केटिंग के मामले में निर्देश जारी किए थे। निर्देश में शिकायत मिलने पर कडी कार्यवाही का प्रावधान किया गया था। इसके बाद भी शिक्षक नही सुधर रहे है।

### शिक्षकों ने बना रखा सिर्डिकेट

नेटवर्क मार्केटिंग व प्रोडक्ट कंपनियों ने शिक्षको को मोटी कमीशन का लालच देकर व्यापार से इन्हें जोड रहे हैं। कमीशन का लालच देकर एक शिक्षक को जोड रहे है, वही उसी शिक्षक को कमीशन का लालच देकर दूसरे को जोडने कहा जा रहा है। इस तरह वर्तमान में शिक्षा विभाग में सिडिंकेट जैसी स्थिति बन गई हैं। स्कूल की पढाई छोड सरकारी स्कूलों में शिक्षक बडे नेटवर्क से जुडकर काम कर रहे है। जिनका नेटवर्क दुर्ग, राजनांदगांव, महासमुंद, धमतरी, आरंग में कार्यरत शिक्षक जुड़े हुए हैं। जिनका हर सप्ताह रायपुर के बड़े होटल में प्रोग्राम करना होता है एवं साल में दो बार राज्य से बाहर का टूर प्रोग्राम होता है। जिसमे प्रोडक्ट बेचने लोगो को जोड़ने के बदले इन्हें अच्छी खासी कमीशन मिला करता है।

### करेंगे कार्यवाही

नेटवर्क मार्केटिंग को लेकर पूर्व में भी निर्देश जारी किए गए थे। शिकायत मिलने पर सिविल सेवा आचरण का उल्लघन में कडी कार्यवाही की जाएगी।
**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

# अनुराग की टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण समाज सड़क पर, कलेक्टर को सौंपा

**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग ने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के ब्राह्मण समाज के लिए की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में रैली निकाली।

रैली दुर्ग के पटेल चौक से शुरू होकर कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन सौंपा। महासचिव शशिकांत तिवारी के नेतृत्व एडीएम एस थॉमस को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर की मांग की गई। इस अवसर पर सरयूपारीण ब्राम्हण समाज,



कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, छत्तीशगढ़ी ब्राह्मण समाज, गौड़ ब्राह्मण समाज, राजस्थानी ब्राह्मण समाज, पंजाबी ब्राह्मण समाज, मैथिल ब्राह्मण समाज, सनाढ्य ब्राह्मण समाज, ओड़िया ब्राह्मण समाज, बंगाली ब्राह्मण समाज सहित समस्त ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने प्रदर्शन को समर्थन दिया। शशिकांत तिवारी ने कहा कि फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा जो ब्राह्मण समाज के प्रति आपत्तिजनक बात कही, उससे पूरे देश का ब्राह्मण समाज की भावना को लेकर काफी आहत है। ब्राह्मण समाज सदैव सब समाज को साथ लेकर चलने का भाव रखता है। दिया गया बयान यह दर्शाता है कि ये कितना घृणा रखते हैं। इनका निम्न स्तरीय बयान संपूर्ण सनातनी और ब्राह्मण समाज की भावना को ठेस पहुंचाने वाला है। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राकेश शुक्ला, संभागीय महासचिव दीपक मिश्रा, अजय शर्मा, लक्ष्मीकांत तिवारी, विजय शर्मा, विनोद शारदा, पीयूष मिश्रा, बृजमोहन तिवारी, राजेश शर्मा, मृदुला शुक्ला, दिनेश मिश्र, सुभाष चंद्र तिवारी, चंद्र शेखर पांडे, रामफल शर्मा, ज्योति शर्मा, श्याम कुमार तिवारी, सुमित शर्मा, नरेश चौरे, प्रीति राहुल दुबे, रामविलास मिश्र, योगेश ठाकुर, शुभम ओझा, श्रवण शुक्ला, अनिल शुक्ला, मोहन शुक्ला, मयंक शर्मा आदि मौजूद थे।

## सौगात: कवर्धा के 6 गांवों में सीसी रोड से लेकर सामुदायिक भवन तक के निर्माण का भूमिपूजन

# डिप्टी सीएम की पहल से 35.20 लाख रुपए विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व एवं अनुशंसा पर कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विभिन्न ग्रामों में कुल 35 लाख 20 हजार रुपए की लागत से 6 निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति से आयोजन में उत्साह और जनसमर्थन की झलक देखने को मिली। श्री शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत महराटोला, सुहागपुर, सिंघनपुरी, दूंधकौरा, मोटियारी एवं मंजगांव में महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की भूमिपूजन की गई है। इस विकासात्मक पहल से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया।

नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से अब क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का सशक्त ढांचा तैयार हो रहा है, जिससे गांवों का समग्र विकास संभव होगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के अनुशंसा पर ग्राम पंचायत महराटोला में 5 लाख 20 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण, ग्राम सुहागपुर में 4 लाख रुपए की लागत से किचन शेड का निर्माण, ग्राम सिंघनपुरी में 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण व दूंधकौरा यादव समाज के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन तथा ग्राम मोटियारी में 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन वहीं ग्राम पंचायत मंजगांव में 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन सभी कार्यों का भूमिपूजन पारंपरिक विधि-विधान एवं ग्रामीण जनसमुदाय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गनपत बघेल, सभापति श्रीमती स्वीटी पवन बंजारे, श्रीमती इंदू पटेल, वीरसिंह पटेल, आनंद मिश्रा, नरेन्द्र मानिकपुरी, पंचराम कोसले, चंदन पटेल, नागेश्वर जायसवाल, भूनेश्वर पटेल, दुर्गेश श्रीवास, सुरेश पटेल, ग्राम सिंघनपुरी सरपंच श्रीमती मालती मनोहर धुर्वे, मनटोरा के सरपंच रतन पटेल, शिलिप यादव, देवप्रसाद पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर हो रही है



पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की साय सरकार की प्राथमिकता गांव, गरीब और किसानों का सशक्तिकरण है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं अब जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से उतर रही हैं। हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर इस कार्य में सहयोग करेंगे, ताकि सभी गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कवर्धा विधानसभा के और भी गांवों में इसी तरह के निर्माण कार्य किए जाएंगे। पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और सड़क जैसी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

# हाई स्कूल कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम घोषित



■ शाला प्रबंधन समिति ने किया छात्र-छात्राओं को सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में स्थानीय परीक्षा कक्षा 9वी का परीक्षाफल घोषित किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की दर्ज संख्या 44 है जिसमें से 38 छात्राएं परीक्षा में उपस्थित एवं 06 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे वहीं 38 छात्र-छात्राओं में से 13 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 05 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी तथा 9 छात्र छात्राएं तृतीय श्रेणी कुल 27 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए। वहीं विद्यालय की उत्तीर्ण प्रतिशत 71.05 प्रतिशत रही। जिसमें विद्यालय की छात्रा रेशमी पाटिले 93.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, ललता भारती 92.8 प्रतिशत से द्वितीय तथा गीता कुर्रे 86.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान एवं आरती पाली 86 प्रतिशत से चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया। जिस पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष ऋषि मिश्रा द्वारा इन बच्चो को 500-500 रूपए नगद पुरस्कार दिया गया। साथ ही सभी छात्र छात्राओं को परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएं देते हुए परीक्षा की तनाव से दूर रहने तथा अगली कक्षा में अच्छी पढ़ाई-लिखाई कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य हीरा कोसले, प्राचार्य एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, सरिता बखला, सुनीता कौशिक, छत्रपाल कश्यप तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पंजीयन शुरू

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पात्र कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार, मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत राशन कार्डधारी परिवारों की 18 वर्ष से अधिक उम्र की अविवाहत कन्याओं का सामूहिक विवाह कराना है।

### 48 नए प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी की गठन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग द्वारा जिला कबीरधाम की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन के लिए पुनर्गठन योजना को छत्तीसगढ़ राज पत्र 3 अप्रैल के माध्यम से प्रकाशित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत जिले में 48 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के गठन का प्रस्ताव शामिल है।

### गर्मी के साथ बिजली समस्या शुरू, ग्रामीण परेशान

**कवर्धा।** बिजली की समस्या शुरू होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफार्मर पर क्षमता से ज्यादा लोड़ बढ़ते ही फाल्ट अधिक हो रहे है। इसके चलते बिजली समस्या शुरू हो चुकी है साथ ही साथ तापमान बढ़ने एवं घरों के पंखे, कूलर व एसी चलने लगे है और रात के अलावा दिनों में अधिक चलाए जा रहे है।

## निधन

### गोमती बाई



**साजा।** गोमती बाई टावरी का दुर्ग निवास में निधन हो गया। वे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिशंकर टावरी, कृष्ण कुमार, महेश व मनोज टावरी की माताजी थीं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को दुर्ग में किया जाएगा।

# जिले में 42 अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने वर्चुअल जिले के ग्रामीणों को किया संबोधित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा के दौरान वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीणों को पंचायती राज स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरूवार को रायपुर से पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिले के 42 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विजय शर्मा ने ग्राम भांदा के ग्रामवासियों से चर्चा की। जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम भोंदा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सहित जनप्रतिनिधि ग्रामीण वचुअर्ल रूप से जुड़े रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामसभा को संबोधित करते हुए जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग पर जोर देते हुए जागरूकता लाने की बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने जिले के जनपद पंचायत बोड़ला ग्राम पंचायत भोदा की सरपंच श्रीमती कुंज बाई पटेल, महतारी वंदन योजना की हितग्राही श्रीमती कविता पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू से वर्चुअल चर्चा की गई। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के संबंध में सरपंच ने मुख्यमंत्री को बताया कि गांव के ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं, महतारी वंदन योजना पेंशन योजना की राशि का नगद भुगतान अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से प्राप्त कर रहे हैं। महतारी वंदन योजना की लाभार्थी से मुख्यमंत्री द्वारा राशि मिलने के संबंध में पूछा गया, जिस पर लाभार्थी श्रीमती कविता पटेल ने बताया कि वह आज ही अपने ग्राम पंचायत भोंदा के अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से आधार बेस्ड पेमेंट के माध्यम से अपने बैंक खाते से 1000 का आहरण की है। लाभार्थी द्वारा बताया गया कि इन पैसों से वह अपने घर का निर्माण कार्य एवं बच्चों के स्कूल व दैनिक जरूरतो की पूर्ति कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू द्वारा मुख्यमंत्री को जिले के 42 ग्राम पंचायतों में डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ करने के लिए आभार व्यक्त किया तथा जल संरक्षण की दिशा में काम करने का भरोसा जताया।

### अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का विस्तार, अन्य ग्राम पंचायतों में यथाशीघ्र किया जाएगा: शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचायत दिवस के अवसर पर सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए जल संरक्षण के कार्य में सबकी भागीदारी की अपील की। 24 अप्रैल से पूरे प्रदेश में मोर गांव-मोर पानी महाअभियान प्रारंभ किया जाएगा, जिसके तहत जल संरक्षण अंतर्गत तालाबों, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सहित विभिन्न संरचनाओं के निर्माण करने तथा पानी रोकने के अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस वर्ष का भू-जल स्तर एवं आगामी समय के भू-जल स्तर को दर्ज करने कहा गया। इसके साथ ही एक देश एक चुनाव पर जोर देते हुए देश की प्रगति एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए एक देश एक चुनाव के अभियान का प्रस्ताव रखा गया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्रो का विस्तार अन्य ग्राम पंचायतो में यथाशीघ्र किया जाएगा। जिससे ग्रामीण जनता को उनके अपने गांव में ही वित्तीय लेनदेन एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों को प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

### पंचायत राज दिवस पर जल संरक्षण का हम सब ने लिया संकल्प: कलेक्टर

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 471 ग्राम पंचायत में पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान सभी ग्राम पंचायतो में स्वच्छता स्वास्थ्य सहित जल संरक्षण के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। आने वाले समय में भीषण गर्मी को देखते हुए शासकीय योजनाओं के माध्यम से जल संरक्षण के लिए कार्यों का चिन्हांकन एवं रेनवाटर हार्वेस्टिंग पर विस्तृत चर्चा की गई। पानी बचाने के अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए जिले के सभी ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के प्रत्येक नागरिक जल संरक्षण के लिए अपना योगदान दे।

# मक्के स्कूल में विदाई व सह-सम्मान कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



गुरूवार को शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में अशोक पांडेय को उनके शानदार सफल सेवानिवृत होने पर कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राएं को विदाई दिया गया। श्री पाण्डेय द्वारा अपनी मेहनत, समर्पण और नेतृत्व से इस संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया तथा मार्गदर्शन और सकारात्मक रवैये ने हम सभी को प्रेरित किया है। साथ ही साथ उन्होने बिताए पल, अनुभव और छोटी-बड़ी बातें हमेशा हमारी यादों में रहेंगी। इस कार्यक्रम में ग्रापं मक्के सरपंच कार्तिक साहू, उपसरपंच नंदराम साहू, ग्राम पटेल कुमार भोलाराम साहू, एसएमसी अध्यक्ष मनोहर साहू, जलेश साहू, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, प्रधान पाठक श्रीमती एलविना विलसन, शिक्षक कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, निर्मल पात्रे, देव साहू, रसोईया भागीरथी साहू एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### महतारी सदन जिले में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा पर विशेष जोर



**हरिभूमि कवर्धा।** समाज में महिलाओं की गरिमा, आत्मबल और नेतृत्व को सशक्त करने के उद्देश्य से कवर्धा जिले में महतारी सदन योजना के अंतर्गत तेजी से निर्माण कार्य जारी है। बुधवार को अधीक्षण अभियंता श्रीमती भूमिजा गबेल ने निर्माणाधीन महतारी सदनों का स्थल निरीक्षण किया और इस दौरान संबंधित ठेकेदारों एवं अभियंताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले के 13 ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सभी प्रोजेक्ट्स को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। अधीक्षण अभियंता ने सभी को निर्देशित किया कि कार्यों की पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि महतारी सदन गांव-गांव तक महिलाओं के सशक्तिकरण की अलख जगाने का माध्यम बनेगा और इसे सफल बनाना हम सभी की साझा जवाबदारी है। इस योजना के अंतर्गत कवर्धा जिले के कुल 13 ग्राम पंचायतों में महतारी सदनों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें विकासखंड कवर्धा के कवर्धा, धरमपुरा और मोहतरा खुर्द व पंडरिया के पंडरिया, कुण्डा और भागूटोला तथा बोड़ला के बोड़ला और लखनपुर एवं सहसपुर लोहारा के सहसपुर लोहारा, खड़ौदा रवेली, पाण्डातराई व रणवीरपुर तथा विकासखंड पिपरिया के पिपरिया शामिल हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदनों के निर्माण के लिए शासन द्वारा कुल 3 करोड़ 21 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें प्रत्येक भवन के लिए 24 लाख 70 हजार रूपए की राशि निर्धारित की गई है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने यह भी कहा कि इन भवनों का निर्माण स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए, ताकि इनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में पहलगाम आतंकी हमले के शहीद जवानों व मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों एवं निर्दोष पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दुखद अवसर पर विद्यालय के निर्देशक, समस्त शिक्षकगण, स्टॉफ तथा विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों के प्रति श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कायरतापूर्ण और क्रूर आतंकी हमला न केवल देश की शांति व्यवस्था को चुनौती है, बल्कि मानवता पर भी प्रहार है। इस हमले में जहां देश के जांबाज जवान शहीद हुए, वहीं कई निर्दोष पर्यटकों की भी जान चली गई, जो अत्यंत पीड़ा दायक है। विद्यालय के निर्देशक आशीष कुमार अग्रवाल ने इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस हमले के दोषियों को शीघ्र न्याय की कठोरतम सजा दी जाए तथा शहीदों और मृत पर्यटकों के परिवारों को उचित मुआवजा एवं सहायता प्रदान की जाए। विद्यालय परिवार ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की और राष्ट्र के प्रति अपनी एकता, संवेदनशीलता और कर्तव्य निष्ठा को दोहराया, विद्यालय परिवार के सभी टीचर एवं स्टाफ उपस्थित थे।

पेज 9 का शेष

### जिले की 743 ...

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने सभी से आग्रह किया है कि इस बार पढ़ई तिहार बेहतर तरीके से मनाया जाए। इसके बेहतर आयोजन और सफलता के लिए उन्होंने एक वीडियो संदेश भी जारी किया है। इस पढ़ई तिहार का आने वाली सत्र में बच्चों को पूर्ण लाभ मिल सके। इसके साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार खरे, डीएमसी नरेंद्र वर्मा, एपीसी भूपेंद्र कुमार साहू एवं धनंजय मिश्रा द्वारा शुभकामना संदेश प्रेषित किया गया है। इस कार्यक्रम के निरीक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने निरीक्षण दल का गठन किया है जिसमें विकासखंड के सभी बीईओ, बीआरसी शामिल होंगे। इसके साथ ही जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने भी अपने सभी अकादमिक सदस्यों को निरीक्षण करने के निर्देश दिये है।

# प्लास्टिक का उपयोग जीव-जंतुओं के लिए अत्यंत हानिकारक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू व जिला मिशन समन्वयक नकुल पनागर के मार्गदर्शन में जिले के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में यूथ एवं इको क्लब के सुचारू रूप क्रियान्वयन हेतु जिला स्त्रोत समूह के मास्टर ट्रेनरों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन 22 व 23 अप्रैल को जिला ग्रंथालय कबीरधाम के सभा कक्ष में प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती की तैलचित्र पर बीआरसीसी कवर्धा केसलाल साहू एवं सहायक कार्यक्रम समन्वयक व प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती प्रार्थना शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कर आयोजित किया गया। जिसमे राज्य से प्रशिक्षित शिक्षक (राज्य स्त्रोत समूह) राजीव श्रीवास्तव व शिवकुमार वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वहीं समापन अवसर पर उन्होने सभी प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यूथ एवं इको क्लब के हर एक गतिविधियों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन अपने-अपने विकासखंड के साथ-साथ जिला के हर एक स्कूल में होना चाहिए। पर्यावरण के संपूर्ण संरक्षण हेतु छात्र-छात्राओं, पालकों एवं आम नागरिकों को सामाजिक रूप से भी जोड़ते हुए इस पर वृहद कार्य करने की आवश्यकता है, कम से कम प्लास्टिक का उपयोग, अधिक से अधिक पौधरोपण, जल संरक्षण, वायु प्रदूषण की रोकथाम आदि प्रशिक्षण में बताएं अनुसार उपाय अपनाए तथा सामान्य जन समुदाय में भी विद्यालय के माध्यम से ही जागरूकता लाना है।

### जिले के चारों विकासखंडों से 40 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया

प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में जमीन एवं प्लास्टिक साक्षरता तथा द्वितीय दिवस पोषण वाटिका पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्राप्तकर सभी डीआरजी अपने-अपने विकासखंडों में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे तथा विकासखंड के माध्यम से संकुल स्तर पर होना है, जिसकी मॉनिटरिंग राज्य स्रोत समूह के साथ जिला कार्यालय के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर की जाएगी। मास्टर ट्रेनर्स राजीव श्रीवास्तव ने पर्यावरण, यूथ एवं इको क्लब की गठन व अवधारणा, महासागर साक्षरता, जमीन एवं प्लास्टिक साक्षरता पर विशेष रूप से बतलाया साथ ही साथ प्लास्टिक की पहचान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अवगत कराना। 12 सप्ताह की गतिविधियां, प्लास्टिक की वस्तुओं में भोजन आदि ग्रहण करने का दुष्परिणाम, समूह गतिविधियां, पेपर बैग निर्माण, सोख्ता गड्ढे का निर्माण, वॉटर हार्वेस्टिंग, जल प्रदूषण व जल संरक्षण, जमीन मेला, पौधरोपण आदि विषय पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पहलगाम आतंकी हमला, मानवता पर चोट



**कवर्धा।** कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हमले में अपनी जान गवाने वाले निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट कर श्रद्धाजलि अर्पित की है। श्री साहू ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। किसी सदस्य की हत्या उनके बाल बच्चों के सामने करना बेहद दुखद और पीड़ा दायक है। उन्होने कहा कि इस मामले में पूरा देश एक जुट है और पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होने कहा कि हम केन्द्र सरकार से मांग करते है कि आतंकवाद के खिलाफ कठोर निर्णय लेते हुए पहलगाम की घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों और उन्हें संरक्षण देने वालों को मुहतोड़ जवाब दिया जाए। ताकि इस तरह की आतंकी घटनाओं की पुर्नावृत्ति न हो।

### जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन

**कवर्धा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। संबंधित विभाग द्वारा इस आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 26 अप्रैल को सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

### पहलगाम आतंकवादी हमला घोर निंदनीय

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री हाजी मो. सलीम हिंगोरा ने जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के निकट हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होने कहा कि इस आतंकी हमले में रायपुर के व्यापारी भाई दिनेश मीरानिया सहित 27 निर्दोष पर्यटकों की बर्बरता पूर्वक हत्या की गई है। यह आतंकी संगठनों की कायराना हरकत अमानवीय है। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उन्होने आतंकियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। श्री हिंगोरा ने दिवंगतों के प्रति विन्रम श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पहलगाम के इस आतंकी हमले में अपनो को खोने का दर्द हर भारतीय को हैं, इस दुख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। कुरआन के अनुसार किसी बेकसूर की हत्या पूरी मानवता की हत्या है और मानवता के हत्यारों का इस्लाम धर्म से कोई सरोकर नहीं है, वैसे भी आतंकवादियों का कोई मजहब नहीं होता ये इंसानियत और समाज के दुश्मन हैं और इनकी सजा सिर्फ और सिर्फ सजाए मौत ही होनी चाहिए।

### बोड़ला शराब दुकान के सुरक्षा कर्मी पर अज्ञात लोगों ने किया हमला

**बोड़ला।** जिले की तथा कथित चाक चौबंध कानून व्यवस्था पर अज्ञात बदमाशों ने एक बार फिर गहरी चोट मारी है। बताया जाता है कि बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात जिले के बोड़ला थाना मुख्यालय में संचालित सरकारी शराब दुकान में कुछ अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलकर शराब दुकान में तैनात सुरक्षा गार्ड पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे सुरक्षा गार्ड के चेहरे में गंभीर चोट आई है और खून से लतपथ सुरक्षा गार्ड को अब सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बोड़ला में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी होने के बाद बोड़ला पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बोड़ला में संचालित सरकारी शराब दुकान में लाल दास पिता गीता अनंत आयु 23 निवासी सारंगपुर सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है।

**सफलता : शासन की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति पर जताया विश्वास**

# 7 लाख रुपए के इनामी नक्सली दम्पत्ति ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नक्सलवाद की समाप्ति के लिए घोषित नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर 7 लाख रुपए के इनामी नक्सली दंपत्ति ने कबीरधाम पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक ये दोनो नक्सली लम्बे समय से नक्सली संगठन से जुड़े थे और विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल होकर घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। लेकिन सक्रिय नक्सली रमेश उर्फ आटम गुड्डू एवं सबिता उर्फ लच्छी पोयम ने 24 अप्रैल 2025 को कबीरधाम पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जिला पुलिस कप्तान धर्मेन्द सिंह ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया कि आत्मसमर्पित नक्सली रमेश उर्फ आटम गुड्डू आयु 29 वर्ष प्लाटून नंबर 01, एमएमसी जोन, जीआरबी डिवीजन कमेटी का सक्रिय सदस्य था, वहीं उसकी पत्नी सविता उर्फ लच्छी पोयम आयु 21 वर्ष टांडा एरिया कमेटी की सदस्य के रूप में कार्यरत थी। दोनों बीते 8 वर्षों से एमएमसी क्षेत्र में सक्रिय रहकर नक्सली गतिविधियों में संलग्न थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्ष 2019 में थाना भोरमदेव क्षेत्रांतर्गत बकोदा जंगल में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में रमेश घायल भी हुआ था। संगठन में रहते हुए रमेश के पास 12 बोर बंदूक तथा सविता के पास 8 एमएम रायफल रही है। इस सफलता में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेज अभिषेक शांडिल्य के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे नक्सन उन्मूलन अभियान के अंतर्गत मिली है। इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल, डीएसपी नक्सल ऑपरेशन संजय ध्रुव, कृष्ण कुमार चंद्राकर की भी मेहत्वपूर्ण भूमिका रही है।



### आत्मसमर्पण के बाद नक्सली दम्पत्ति ने जताई खुशी

लम्बे समय से नक्सली संगठन से जुड़कर और विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल होकर घटनाओं को अंजाम देने वाले सात लाख के ईनामी नक्सली दम्पत्ति रमेश उर्फ आटम गुड्डू और उसकी पत्नी ने सविता उर्फ लच्छी पोयम ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नक्सलवाद की समाप्ति के लिए घोषित नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर तथा नक्सली संगठन में व्याप्त आंतरिक संघर्ष, अमानवीय व्यवहार, स्थानीय आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार तथा जंगल में कठिन जीवन से त्रस्त होकर आत्मसमर्पण का निर्णय लिया है। आत्मसमर्पित इन नक्सली दम्पत्तियों की माने तो वे आत्मसमर्पण के बाद काफी खुशी महसूस कर रहे हैं।

### शासन की विभिन्न सुविधाओं का मिलेगा लाभ

पुलिस अधीक्षक कमीरधाम धमेन्द्र सिंह से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री (गृह) विजय शर्मा द्वारा प्रस्तुत आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत नक्सली दंपति को तत्काल प्रत्येक को आरएस 25,000 की प्रोत्साहन राशि कुल आरएस 50,000 नगद प्रदान की गई है। अन्य सुविधाएं शासन की पुनर्वास नीति के अनुसार शीघ्र प्रदान की जाएंगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों के समुचित पुनर्वास हेतु पुलिस एवं प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### जिले में अब तक कुल 11 नक्सली कर चुके हैं आत्मसमर्पण

पुलिस प्रशासन के मुताबिक जिला कबीरधाम में अब तक कुल 11 नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं, जिनमें 10 इनामी नक्सली शामिल हैं। इस आत्मसमर्पण प्रक्रिया में जिला विशेष शाखा कबीरधाम में पदस्थ प्रधान आरक्षक घनाराम सिन्हा, प्रधान आरक्षक अभिजीत सिंह, आरक्षक कृपाराम मेरावी, नव आरक्षक लिहू उर्फ दिवाकर, नव आरक्षक करन हेमला एवं आरक्षक राय सिंह की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। कबीरधाम पुलिस का यह अभियान आगे भी नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# अकोला स्कूल के बच्चों की रचनात्मक कार्यों की तारीफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

अप्रैल के माह में जहाँ परीक्षा होते ही बच्चें धीरे धीरे स्कूल आना कम कर देते है। ऐसे में साजा विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला की प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा बच्चों को स्कूल से जोड़े रखने हेतु विभिन्न प्रकार के नवाचार कराते हुए बच्चों को शाला से जोड़े रखने का प्रयास किए। जिसके कारण बच्चों की उपस्थित शाला में शतप्रतिशत व सराहनीय रहा। इस दौरान बच्चों के साथ कई रोचक गतिविधि कराई गई। कहानी लेखन, मूर्तिकला, चित्रकला, अभिनय, बालगीत, गीत, कविता, अख़बार से टोपी बनाना, धागा में मोती पिरोना, लीफ आर्ट अंतर्गत पत्तियों से चित्रकारी किए, नाम कार्ड बनाये, ऊँगली और अंगूठा के छाप से चित्र बनाना, शब्द जाल बनाना, रचनात्मक लेखन, मुखौटा निर्माण करना ऐसे कई गतिविधि जिससे विद्यालय का वातावरण बहुत ही सुहाना बन गया। इस बीच सुमित पाण्डेय सह नवाजतन और आरती ठाकुर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद टीम रायपुर के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला अकोला का निरीक्षण किए।

बच्चों से एफ एल एन स्तर के सवाल पूछे। जिसका बच्चें बहुत सुंदर जवाब दिए। एसआरजी आरती ठाकुर बच्चों को हावभाव के साथ बाल गीत एक बुढ़िया ने बोया दाना सुनाई, बच्चें बहुत ख़ुश हुए। बच्चों को किताब पढ़ाकर कर भी देखा। दूसरी तीसरी कक्षा के बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पाया गया। बच्चों एवं शिक्षकों के कार्य की खूब सराहना किए।

# रनबोड पंचायत में डिजिटल केंद्र का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

ग्राम पंचायत रनबोड में बुधवार को डिजिटल युग की ओर एक नया कदम उठाया गया। यहां डिजिटल सुविधा केंद्र का भव्य शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उन्होंने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और इस नवाचार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

मुख्य अतिथि मधु रॉय ने इस पहल को ग्रामीणों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताते हुए कहा कि अब आमजन को छोटी-छोटी सरकारी सेवाओं के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा। आधार अपडेट, राशन कार्ड, बिजली बिल भुगतान, पेंशन, बैंकिंग सहित अनेक सेवाएं गांव में ही सुलभ होंगी। श्रीमती रॉय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि गांव-गांव तक डिजिटल सेवाएं पहुँचाना ही इस मिशन की मूल भावना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि इस सुविधा का भरपूर उपयोग करें और खुद को तकनीक से जोड़ें। ग्राम पंचायत सरपंच फेरुराम साहू ने जानकारी दी कि यह केंद्र कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से संचालित किया जाएगा, जिसमें सरकारी व अर्ध-सरकारी सेवाओं की डिजिटल पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही डिजिटल साक्षरता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष तुकाराम साहू, जनपद सदस्य पूजा बंजारे, सचिव किरण शर्मा, द्वारिका कोशले, श्यामू साहू, घनश्याम साहू, हरीचंद साहू, त्रिलोक साहू, सीताराम साहू, केदार साहू, संतराम साहू, झाड़ू राम साहू, गेंद राम साहू, कपिल साहू, छबील साहू, संतोष साहू, दिलीप साहू, तिलक साहू, डॉ. तिलक साहू, धनुष साहू, संतोष, परेनिया, चमेली सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्राम गोपाल भैना की सरपंच धनेश्वरी ने कार्यभार संभाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

ग्राम पंचायत गोपाल भैना में गुरुवार को नव-निर्वाचित सरपंच धनेश्वरी साहू ने पदभार ग्रहण किया। पंचायत भवन में आयोजित सादे समारोह में सरपंच ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने पद का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उपसरपंच कमल प्रसाद साहू, सचिव गौकरण ठाकुर, रोजगार सहायक परमानंद बोयरे, पंचगण जगदेव साहू, महासिंह, प्रीति साहू यादव, सरस्वती सिन्हा, अजय साहू, सुनिता ध्रुव, अमर राम साहू व साधना श्रीवास सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच इंद्र रेखा सिंह, मिथिलेश बिसेन, अर्जुन ठाकुर, अशोक श्रीवास, रामचंद सिन्हा, सुरेश सिंह, रामेश्वर साहू, खम्मन साहू, हुलास भुवाल सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। वहीं समाजसेवी बंशी साहू, बबलू साहू, अमरनाथ साहू, रमेश साहू, बिसाहू साहू, कृष्णा साहू, जंकु यादव, काशीराम साहू, विष्णु साहू, भुवन साहू एवं समाज के अन्य प्रमुख लोग भी मौजूद रहे। कार्यभार ग्रहण के पश्चात अपने संबोधन में धनेश्वरी साहू ने ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा कि /"ग्राम पंचायत को विकास की राह पर ले जाना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। हर योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, यही मेरा संकल्प है।

# ओटेबंद शाला में न्योता भोज कराया



**बेमेतरा।** शिक्षण सत्र के अन्तिम दिवस शा.प्राथमिक शाला ओटेबंद में माध्यम भोजन संचालन समिति के अध्यक्ष पदमा जयप्रकाश राज के द्वारा न्यौता भोजन कराया गया है,जिसमें बच्चों पूड़ी,खीर,चांवल,दाल,आलू बड़ी की सब्जी खिलाया गया इस दौरान प्रधान पाठक रामखेलावन वैष्णव,एंव शिक्षक शर्मा मैडम,साहू मैडम,एंव सौरभ तिवारी सर जी,उषा वर्मा आंगनबाड़ी कार्यक्रता मध्यान्ह भोजन रसोइया सावित्री साहू,नंदनी साहू उपस्थित थें ।

# एग्रो इंडस्ट्रीज में भीषण गरमी से लगी आग, लाखों की क्षति



**बेमेतरा।** ग्राम नवागांव स्थित राइस मिल श्रीमय एग्रो इंडस्ट्रीज में भीषण गर्मी के चलते गुरुवार अचानक आग लग गई। इस हादसे में उद्योग परिसर में रखे करीब 25 गठान बार दाना और लाखों का कच्चा माल जलकर पूरी तरह राख हो गए। आग इतनी तेज़ थी कि कर्मचारियों को जान बचाकर भागना पड़ा। संचालिका प्रभा निर्वाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि अत्यधिक गर्मी और असावधानी के कारण यह दुर्घटना हुई। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की भारी कमी के कारण आग पर काबू पाने में काफी देरी हुई, जिससे नुकसान और अधिक बढ़ गया। उन्होंने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में फायर सेफ्टी सिस्टम को मजबूत किया जाए तथा ग्रामीण उद्योगों को बीमा, पानी की व्यवस्था एवं सुरक्षा उपकरणों की सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।श्रीमय एग्रो इंडस्ट्रीज का यह नुकसान न केवल आर्थिक है, बल्कि इससे कई कर्मचारियों की आजीविका भी प्रभावित हुई है,संचालिका प्रभा निर्वाणी हादसे के वक्त राइस मिल परिसर में स्थित धर्मकांटा में निरीक्षण कर रही थी काम कर रहे मजदूरों को दूर तालाब से पानी लाना पड़ा।

# दलदली में चल रहा धर्मांतरण का खेल, शिकायत लेकर बोड़ला पहुंचे ग्रामीण, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

जिले के विकासखण्ड बोड़ला के बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम दलदली में धर्मांतरण गिरोह सक्रिय नजर आ रहा है और क्षेत्र के भोलेभाले बैगा आदिवासियों को रूपए पैसों का लालच देने के अलावा प्रार्थना के माध्यम से उनकी बीमारियों को ठीक करने का झांसा देकर उनका धर्मांतरण करा रहे है।

इस बेहद गंभीर सनसनीखेज मामले की लिखित शिकायत लेकर गुरूवार को दलदली क्षेत्र के कुछ ग्रामीण सीधे विकासखण्ड मुख्यालय बोड़ला पहुंचे और उन्होने प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर इस धर्मांतरण तत्काल रोक लगाए जाने तथा धर्मांतरण का धंधा चला रहे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम दलदली और आसपास के क्षेत्र में वीरसिंह टांडिया निवासी ग्राम दलदली, गंगाराम बैगा ग्राम दराई, नन्हे परस्ते ग्राम दराई, महासिंह गोंड़ ग्राम दरई, अर्जुन सिंह गोंड ग्राम दराई, दौलत सिंह गोंड़ ग्राम दराई, प्रेम यादव आदि सक्रिय है और ये क्षेत्र के भोलेभाले बैगा आदिवासियों को बहला-फुसलाकर उनका धर्मांतरण करा रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि वीरसिंह टांडिया द्वारा ग्राम दलदली की शासकीय जमीन में कब्जा कर करीब आठ साल से चर्च का संचालन कर रहा है और यहीं से धर्मांतरण का खेल खेल रहा है। उन्होने प्रशासन तथा क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से इस पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### बोड़ला नगर पंचायत में चलाया गया सरोबर स्वच्छता अभियान



**बोड़ला।** नगर पंचायत बोड़ला में तालाबों के संरक्षण और संवर्धन करने की सोच को लेकर बोड़ला नगर के महराज बंध तालाब (बड़े तालाब) में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें स्वच्छता को लेकर समाज प्रमुखों ने अपनी सहभागिता निभाई। स्वच्छ, सुंदर और विकसित बोड़ला के उद्देश्य को लेकर नगर पंचायत की पूरी टीम एक दिशा में कार्य कर रही है जिसमें नगर पंचायत प्रशासन, समस्त पार्षदगण, समाज प्रमुखों और नगर के गणमान्य की विशेष भूमिका रही। इस दो दिवसीय इस स्वच्छता अभियान के प्रथम चरण में बाजार और बड़े तालाब को चिन्हांकित किया गया है। आने वाले समय में पुनः योजना बनाकर लगातार स्वच्छता की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल ने नगरवासियों से आग्रह है कि स्वच्छता में हमारा साथ दे कूड़े, कचड़े को नली या तालाब में न फेंके उसे व्यवस्थित उसे कूड़े दान में डाले और सुबह जब स्वच्छता दीदी आपके घर और दुकान के सामने आए तो उसे गाड़ी में डालें। उन्होने कहा कि हम सभी मिलकर ही नगर को स्वच्छ व सुंदर बना सकते हैं।

# लावातरा स्कूल में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस, हुई चित्रकला स्पर्धा




**बेमेतरा।** बेरला विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल लावातरा में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न आयोजन किए गए । विद्यालय की छात्राओं कु वैष्णवी साहू, कु भावना साहू, कु डाली साहू , कु खुशबू निर्मलकर, कु मोनिका निषाद ने चित्रकला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण के संदेश दिए। संस्था प्रमुख प्राचार्य रविशंकर देशलहरे के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस मनाने के उद्देश्य एवं पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। व्याख्याता भुवन लाल साहू ने पृथ्वी की सुंदरता एवं जलवायु संतुलन के लिए वृक्षों के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक पौधा रोपण करने हेतु प्रेरित किया। उनके द्वारा भू जल स्तर नीचे चले जाने जैसी विकट समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए जन्मदिन, शादी की सालगिरह या अन्य खुशी के अवसर पर पौधारोपण कर यादगार बनाने तथा उपहार में पौधा देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने न केवल विद्यालय अपितु अपने घर या घर के आसपास, सड़क किनारे पौधा रोपण कर उनकी देखरेख करने हेतु प्रेरित किया। व्याख्याता अनुज राम साहू ने ग्लोबल वार्मिंग पर प्रकाश डालते हुए वृक्षारोपण के विभिन्न लाभों तथा पौधों के रखरखाव के बारे में जानकारी दी। इस आयोजन में विद्यालय के व्याख्याता शोभास्विनी मेटिया, शहनाज बानो, जमुना साहू का विशेष योगदान रहा।




